## खबर संक्षेप

### मकान में आग लगने से गृहस्थी जलकर हुई स्वाहा

**सतना।** अमरपाटन थाना अंतर्गत छेरहा गांव में बीती रात अचानक छेदीलाल पटेल के घर में आग भड़क उठी। जिसमें उसकी गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बताया गया है कि घटना के समय गृह स्वामी परिवार सहित गहरी नींद में था। भाग्यवश इस भयावह दुर्घटना की चपेट में आने से छेदीलाल पटेल बाल-बाल बच गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक छेदीलाल के घर से उठती हुई आग की लपटों एवं धुआं को देखकर पड़ोसी दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोर मचाकर छेदीलाल को जगाया। इसके साथ ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना 100 डॉयल टीम को दी गयी तथा अमरपाटन थाना को अग्नि काण्ड की जानकारी देने के साथ फायर बिग्रेड भेजने के लिये कहा गया। किन्तु न तो समय से 100 डॉयल घटना स्थल पर पहुंच पायी और न ही फायर ब्रिगेड पहुंची। बताया गया है कि जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती ग्रामीणों द्वारा स्वतः कुआं,ट्यूबवेल आदि से पानी का इंतजाम करके आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के मुताबिक संभवतः घर में आग बिजली के शार्ट सर्किट से लगी है। घटना की जानकारी पुलिस विभाग द्वारा विद्युत उपयंत्री को भी दे दी गयी है। विद्युत वितरण कंपनी का लाइन स्टाफ पहुंचकर आग लगने के कारण के बारे में अपनी रिपोर्ट देगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक काफी देर बाद 100 डॉयल टीम और अमरपाटन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मुआयना करने के बाद घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों को भिजवाई गयी। अग्निकाण्ड की सूचना पाकर पटवारी एवं तहसीलदार के मौके पर पहुंचने की खबर मिली है। बताया जा रहा है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा आग से हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा है,जिसका विवरण प्रशासन को भेजा जायेगा। जिसके आधार पर अग्नि दुर्घटना प्रभावित व्यक्ति छेदीलाल को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

### मैहर के मतदान केंद्रों का प्रेक्षक ने किया भ्रमण



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन हेतु लोकसभा क्षेत्र सतना-09 के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त ड़ा एस सुरेश कुमार (आईएएस) द्वारा मैहर के विविध मतदान केंद्रों शहरी वा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम धतूरा बेरमा भरोली वा अमदरा के क्रिटिकल वा वर्नेबल मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिये गए। इस दौरान तहसीलदार जितेन्द्र पटेल,अमदरा थाना प्रभारी संजय दुवे लाईजिनिंग अधिकारी आत्म प्रकाश चतुर्वेदी साथ रहे है। इसके पूर्व प्रेक्षक ने मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,एसडीम शैलेंद्र सिंह,एसडीम मैहर विकास सिंह,एसडीम अमरपाटन आरती यादव के साथ बैठक कर निर्वाचन सम्बंधी चर्चा की गई। प्रेक्षक सर्किट हाउस सतना के कक्ष क्र बी4 में रुके है। निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी, शिकायत, सुझाव हेतु प्रेक्षक महोदय से सर्किट हाउस सतना के मीटिंग हाल में समय 9.30एएम से 10.30एएम तक मिलकर अथवा उनके स्थानीय मोबाइल न. 9238613051 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 20 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र पाये गये विधिमान्य

# लोकसभा निर्वाचन 2024: नाम निर्देशन पत्रों की हुई संवीक्षा






**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में दूसरे चरण के लिये घोषित कार्यक्रमानुसार 28 मार्च से 4 अप्रैल तक नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया संपन्न हुई। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिये अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से शुरु हुई। लोकसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा प्रस्तुत किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का कार्य आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार,अभ्यर्थी,अभ्यर्थी के प्रस्थापक एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये जाने की अवधि के दौरान 22 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें से 20 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये। जबकि 2 अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र अविधिमान्य पाये जाने पर अस्वीकृत किये गये। इनमें राष्ट्रीय समाज पक्ष से शैलेन्द्र कुमार और निर्दलीय अभ्यर्थी शिववरण के नामांकन निरस्त किये गये हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में भारतीय जनता पार्टी से गणेश सिंह,पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से अजीत,भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अशोक कुमार गुप्ता,भारतीय जनमोर्चा पार्टी से हरिशंकर प्रसाद,न्याय धर्मसभा पार्टी से रंजना मिश्रा,बहुजन द्रविड़ पार्टी से अशोक कुमार, अखिल भारतीय हिंद क्रांति पार्टी से ननकू,इण्डियन नेशनल कांग्रेस से सिद्धार्थ कुशवाहा,मानवीय भारत पार्टी से अजीज अहमद कुरैशी,बहुजन समाज पार्टी से नारायण प्रसाद,राष्ट्रीय दलित आदिवासी महासभा से सुखलाल तथा निर्दलीय अभ्यर्थी के रुप में रायवेन्द्र,चन्द्रभान,दुर्गेश कुमार,कलीम अहमद,छेदीलाल, सफी उल्ला खान,राहुल दाहिया,अशोक कुमार और ऋषभ सिंह उर्फ रिषभ सिंह के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये जाने पर स्वीकृत किये गये।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिये प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कार्यवाही का अवलोकन और परीक्षण किया गया। संवीक्षा कार्य के दौरान एआरओ रघुराजनगर राहुल सिलाढ़यिा,डिप्टी कलेक्टर सुमेश द्विवेदी उपस्थित रहे। नाम-निर्देशन संवीक्षा के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी अभ्यर्थी के नाम निर्देशन पत्र के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति/आक्षेप नहीं लिया गया एवं नाम निर्देशन पत्रों में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

**नाम वापसी 8 अप्रैल तक**

निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रमानुसार प्रत्याशियों द्वारा अभ्यर्थिता से नाम वापसी 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक की जा सकेगी। इसी दिन शेष बचे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया जायेगा मतदान 26 अप्रैल को होगा।

## नगर निगम ने डालीबाबा चौक से सिटी कोतवाली तक हटाया अतिक्रमण



**1 साल से चल रहा है सड़क चौड़ीकरण का कार्य**



**सतना।** नगरपालिक निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शुक्रवार को डालीबाबा चौक से सिटी कोतवाली चौक के बीच सड़क की नापजोख की। साथ ही इस पूरे इलाके में बनाये गये मकानों,दुकानों के मालिकों द्वारा अतिक्रमण हटाने की पुनः जांच की गयी। दरअसल स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण के सिलसिले में डालीबाबा से सिटी कोतवाली के बीच 13 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कराया जाना है। करीबन डेढ़ वर्ष पूर्व नगर निगम प्रशासन द्वारा सिटी कोतवाली से डालीबाबा चौक तथा उसके आगे के सभी अतिक्रमणकर्ताओं को एक-एक मीटर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। बताया गया है कि इस नोटिस पर कई लोगों ने अपने-अपने दासे,बारजे,दीवारें ढहा कर एक मीटर बाद पुनः नये निर्माण कार्य करवा लिया था। जबकि कुछ गृहस्वामियों ने नोटिस के बावजूद अपने अतिक्रमण नहीं हटवाये थे। जिसके चलते एक बार फिर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार ने निगम के अमले एवं स्मार्ट सिटी के इंजीनियरों,सब इंजीनियरों की टीम के साथ इस क्षेत्र में नापजोख की। टीम द्वारा अपना प्रतिवेदन नगरनिगम आयुक्त को सौंपा जायेगा। जिसके आधार पर अतिक्रमण नहीं हटाने वाले अतिक्रमण कर्ताओं के खिलाफ नगर निगम प्रशासन सख्त रुख अपनाते हुये जेसीबी से उनके निर्माण ढहा सकता है।

## बैठक में अनुपस्थित रहने पर निर्वाचन प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन की तैयारी संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला संयोजक आदिम जाति और नोडल अधिकारी एमसीसी प्रकोष्ठ अविनाश पांडेय एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत और नोडल मतगणना स्थल, स्ट्रांग रुम बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने दोनो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 24 घंटे की समय-सीमा में समाधानकारक जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। जारी नोटिस में कहा गया है कि बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहना निर्वाचन कार्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता को प्रदर्शित करता है। आपके इस कृत्य से निर्वाचन कार्य बाधित हुआ है। क्यों न आपके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाये।

## आग उगल रहा है सूरज, किसानों को राहत भरी खबर मौसम रहेगा साफ

**सतना।** सूरज आग उगलने लगा है। दोपहर के वक्त तेज धूप होने लगी है। अब लोगों को गर्मी ने सताना भी शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक तेज धूप से लोग बचते नजर आए। इस बीच खबर यह भी है कि जिले के अन्नदाताओं को मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले सप्ताह में जिले का मौसम साफ रहेगा। वहीं शहडोल संभाग में आने वाली 7-8 तारीख को मौमस बिगडने की आशंका है। इससे पहले जिले में गत दिवस गुरूवार की शाम आंधी तूफान की आशंका बनने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर गई थीं।किसानों का यह डर लाजिमी था क्योंकि फसल लगभग पूरी तरह से पक कर कटने के लिए तैयार हैं। ऐसे समय में मौसम का बदलना पूरी तरह से नुकसान देह साबित हो सकता था। लेकिन रात होने तक छाये हुए बादल पूरी तरह से हट गए और मौसम साफ हो गया। इस बदले हुए मौसम का कारण अचानक तापमान में आए परिवर्तन को माना जा रहा है। मौसम विभाग के ताजे अपडेट के अनुसार रीवा संभाग का मौसम इस पूरे सप्ताह साफ रहेगा तथा आंधी, तूफान एवं बारिश होने की संभावना नहीं हैं।मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो सोमवार को अधिकतम तापमान 37.2 और न्यूनतम तापमान 21.0,मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.9 और न्यूनतम तापमान 20.8, बुधवार को अधिकतम तापमान 39.8 और न्यूनतम तापमान 20.0,गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.4 और न्यूनतम तापमान 24.0 जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.6 और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

## बिना अनुमति के प्रचार कर रही गाड़ी को एसटीएफ ने पकड़ा, भारी मात्रा में मिले झंडे



**सतना।** चुनाव में मनमानी देखी जा रही है। बिना अनुमति लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस बात का भंडाफोड़ कब हुआ जब शुक्रवार को एसटीएफ ने चित्रकूट में एक ऐसी गाड़ी को पकड़ा जिसमें प्रचार सामग्री थी लेकिन अनुमति नहीं थी। गाड़ी में भारी मात्रा में डंडे और झंडे लदे थे। एसटीएफ ने जप्त कर लिया है।सूत्रों के मुताबिक प्रचार गाड़ी को अनुमति नहीं थी उसके बाद भी बिना अनुमति के यह काम किया जा रहा था। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब जगह-जगह जांच पड़ताल तेज कर दी गई है।

## केजेएस सीमेंट के एमडी पर जालसाजी का गंभीर आरोप

**सतना।** केजेएस सीमेंट कंपनी के एमडी और उद्योगपति पवन अहलूवालिया की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने अहलूवालिया और उनकी पत्नी समेत कंपनी के कई अन्य वर्तमान एवं पूर्व डायरेक्टरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। यह फैक्ट्री मैहर जिले के राजनगर में स्थित है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केजेएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन रहे स्व.कमलजीत सिंह अहलूवालिया की पुत्री हिमांगिनी सिंह की शिकायत पर केजेएस सीमेंट के एमडी पवन अहलूवालिया,उनकी पत्नी इंदु अहलूवालिया और संजीव भल्ला समेत कंपनी के कई वर्तमान एवं पूर्व निदेशकों पर मुकदमा कायम किया है। शिकायतकर्ता हिमांगिनी सिंह केजेएस के एमडी पवन अहलूवालिया की भतीजी हैं। उन्होंने अपने चाचा पवन अहलूवालिया और चाची इंदु अहलूवालिया समेत कई लोगों पर जालसाजी और धोखाधड़ी कर कंपनी के शेयर हड़पने और दिवंगत केजेएस अहलूवालिया की कंपनी में हिस्सेदारी साजिश पूर्वक कम करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर ईओडब्ल्यू ने आईपीसी की धारा 406,409,420,468,471 एवं 120 बी के तहत प्रकरण कायम कर लिया है। ईओडब्ल्यू की टीम अब पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता हिमांगिनी सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया है कि पवन अहलूवालिया ने 8 जून 2017 को कमलजीत सिंह अहलूवालिया का एक जाली त्यागपत्र तैयार कर उसके आधार पर उन्हें केजेएस सीमेंट कंपनी के निदेशक पद से हटा दिया। इसके बाद 27 सितंबर 2017 को एक जाली गिफ्ट डीड के जरिए 26,78,572 इक्विटी शेयरों को अपनी पत्नी इंदु,बेटी शिवांगी और मेधा के नाम हस्तांतरित कर दिया। इसके पहले इन इक्विटी शेयरों को भी जाली तरीके से डिबेंचर से इक्विटी में बदला गया और डिबेंचरों के जरिए भी करोड़ों रुपए वसूले गए। हिमांगिनी ने आरोप लगाया कि पवन अहलूवालिया ने कंपनी के एमडी पद का दुरुपयोग करते हुए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को अपने प्रभाव में लेकर मनमानी निर्णय पारित कराए और वर्ष 2007 में कंपनी का अधिग्रहण करने वाले केजेएस अहलूवालिया को न केवल निदेशक पदअहलूवालिया को न केवल निदेशक पद से हटाया बल्कि साजिश के तहत जाली तरीकों और दस्तावेजों का इस्तेमाल कर कंपनी में उनकी शेयर धारिता भी कम की।

## बसपा ने निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र-स्ट्रांग रूम में बिजली व्यवस्था और चौराहों पर लगी एलइडी में प्रचार रोकने की मांग

**सतना।** बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल साकेत ने जिला निर्वाचन अधिकारियों की पत्र लिखा है। पत्र में स्ट्रांग रूम में निर्वात रूप से बिजली की व्यवस्था करने और स्मार्ट सिटी सतना में चौराहों पर लगी एलइडी टीवी में राजनीतिक दलों के प्रचार प्रसार को रोकने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में सतना लोकसभा में मतदान उपरांत स्ट्रांग रूम की सुरक्षा मजबूत करने,वहां निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनाए जाने एवं स्मार्ट सिटी सतना द्वारा लगाई गई एलइडी टीवी द्वारा राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार को रोकने के संबंध में बहुजन समाज पार्टी की ओर से निम्नलिखित निवेदन है।जिसमें बिंदु क्रमांक एक सतना लोकसभा चुनाव में मतदान दिनांक 26 अप्रैल 2024 को मतदान केंद्रों से वोटिंग मशीन एवं वीपेट मशीनों का स्ट्रांग रूम तक परिवहन समुचित सुरक्षा व्यवस्था में किया जावे। बिंदु क्रमांक 2 में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए इसमें उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए जावे व स्ट्रांग रूम की विद्युत व्यवस्था किसी भी स्थिति में बाधित न हो इस हेतु डीजी सेट व जनरेटर आदि की समुचित व्यवस्था पूर्व से बना ली जाए ताकि किसी भी स्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और सीसीटीवी कैमरे पल भर के लिए भी बंद ना हो। इसी प्रकार बिंदु क्रमांक 3 में सतना शहर में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चौराहों वह अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए एलइडी टीवी लगाई गई है इनका उपयोग भाजपा द्वारा चुनाव प्रचार के लिए किया जा रहा है अतः निवेदन है कि तत्काल इस पर रोक लगाकर इनका उपयोग राजनीतिक दलों के लिए प्रतिबंधित किया जाए। पत्र में कहा गया है कि आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त तीनों बिंदुओं पर आप अतिशीघ्र समुचित कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि निर्वाचन की निष्पक्षता कायम रह सके ।

## 6 आदतन अपराधियों के विरुद्ध बाउण्ड ओव्हर और 2 के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही

**सतना।** सतना जिले में शांतिपूर्ण,निष्पक्ष,भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर,प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले के 2 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर और 6 अपराधियों के विरुद्ध संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना सिटी कोतवाली सतना अंतर्गत राजेंद्र नगर गली नंबर 13 निवासी नारेंद्र कुमार साकेत पिता रामसजीवन साकेत उम्र 40 वर्ष,प्रेमनगर निवासी राजेश यादव पिता जीवनलाल यादव उम्र 28 वर्ष, जवाहर नगर निवासी सोनू सोनी पिता रमेश सोनी उम्र 34 वर्ष,थाना सिंहपुर अंतर्गत सिंहपुर निवासी मनोज उर्फ रुपनारायण पिता रामनारायण शुक्ला उम्र 35 वर्ष,थाना सभापुर अंतर्गत बैरहना निवासी अंकुर गौतम उर्फ अभिषेक गौतम पिता कैलाशनाथ गौतम उम्र 31 वर्ष,थाना नागौद अंतर्गत भुलनी निवासी मनीष सिंह पिता केशव प्रताप सिंह उम्र 36 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। आदेश में सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आरोपियों को एक वर्ष तक माह के प्रथम सोमवार को अपनी उपस्थिति थाने में दर्ज कराने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा ने म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत थाना सिविल लाइन सतना अंतर्गत गढ़यिा टोला निवासी साहिल उर्फ पुल्लू पिता जाकिर हुसैन उम्र 25 वर्ष एवं थाना सिंहपुर अंतर्गत इटमा निवासी प्रबोध गौतम उर्फ पिन्टू गौतम पिता इंद्रजीत गौतम उम्र 45 वर्ष को एक वर्ष की अवधि के लिये जिले की सीमा और जिले से लगने वाले चतुर्दिक जिलों की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है।

## नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार कोर्ट ने भेजा जेल

**सतना।** कोटर कोतवाली पुलिस ने नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है इस घटना में एक आरोपी फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि यह जानकारी मुखबिर के जरिए मिली थी। आरोपी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 एम आर 6377 में अबेर से दो व्यक्ति अवैद्य रूप से ऑनरेक्स कफ सिरप लेकर बिक्री करने हेतु सतना तरफ़ जा रहा था। पुलिस ने सतना सेमरिया रोड पर कोटर नहर के ऊपर चेकिंग लगाकर उक्त मोटरसाइकिल के चालक शेषमणि द्विवेदी निवासी शारदा कॉलोनी सतना को मय अवैध 28 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप के पकड़ लिया जबकि मो.सा.में पीछे बैठा व्यक्ति संजय शुक्ला निवासी बदख़र का 10 शीशी अवैध ऑनरेक्स कफ सिरप लेकर भाग निकला उक्त ब्यक्ति का यह कृत्य धारा 8,21 एन.डी.पी.एस एक्ट व 5/13 ड्रग कंट्रोल अधि.का होने से आरोपी को मौक़े पर गिरफ़्तार कर अपराध क़ायम किया जाकर न्यायालय पेश किया गया एवं फ़रार आरोपी की तलाश की जा रही है।



**खबर संक्षेप**

## प्रशिक्षण स्थलों पर मेडिकल टीम की रहेगी व्यवस्था

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन के तहत जिला मुख्यालय पर विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार प्रशिक्षण स्थल पर मेडिकल टीम की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल टीम में चिकित्सक सहित पैरामेडिकल स्टॉफ होंगे। साथ ही आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध रहेंगी। प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल सहायता की जरूरत पर प्रशिक्षणार्थी को त्वरित रूप से सहायता प्रदान की जाएगी। आगामी 12 से 17 अप्रैल तक छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कला एवं विज्ञान भवन, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय और शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण होगा।

## संवीक्षा के बाद 14 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शुक्रवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में पांच अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द हो जाने के बाद खजुराहो संसदीय क्षेत्र से अब 14 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में शेष रह गये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी सोमवार, 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारी से नाम वापस ले सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम खत्म हो जाने के बाद चुनावी मैदान में शेष रह गये अभ्यर्थियों में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विष्णुदत्त शर्मा एवं बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश कुमार शामिल है, जबकि 12 निर्दलीय अभ्यर्थी मोहम्मद इमरान, कपिल गुप्ता भारतीय, केशकली, गिरन सिंह, नंदकिशोर, पंकज मौर्य (कुशवाहा), पन्ना लाल त्रिपाठी एड., फिरोज खां, बिटइया अहिरवार, आर.बी. प्रजापति (राजा भइया) पूर्व आई.ए.एस., लक्ष्मी प्रसाद और पेंटर सुनमान सिंह लोधी शेष रह गए हैं।

## मतदान करने सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश

**दमोह।** निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश के समस्त संसदीय क्षेत्रों में लोकसभा के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम 2024 जारी किया गया है। जिसमें दमोह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान 26 अप्रैल 2024 को होगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के पत्र में अवगत कराया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-घ के प्रावधान अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने हेतु सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश है तथा यह उल्लेख है कि यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे जिनकी अनुपस्थिति से नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि (Substantial) स्वेद्र हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन / आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। श्रम पदाधिकारी ने कहा है प्रदेश में लोकसभा के आम निर्वाचन 2024 के दमोह लोक सभा संसदीय क्षेत्र में आने वाले समस्त कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से इनके नियोजकों, अधिभोगीगणी, प्रबंधकों को निर्देशित किया जाता है कि वे उपर्युक्त प्रावधान को समुचित परिपालन अनिवार्यतः सुनिश्चित करें।

# इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका, संसदीय क्षेत्र खजुराहो से सपा प्रत्याशी का नॉमिनेशन फार्म निरस्त

**पन्ना।** मध्य प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट खजुराहो को कांग्रेस ने गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को दी थी. मगर इंडिया एलायंस को यहां जोर का झटका लगा. सपा की प्रत्याशी मीरा दीपनारायण यादव का नामांकन रद्द हो गया है. यहां पर फॉर्म भरने में गड़बड़ियों की बात सामने आई जिसे आधार बनाकर नॉमिनेशन कैंसिल किया गयामध्य प्रदेश में कांग्रेस गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस से समझौते के तहत खजुराहो लोकसभा सीट से उम्मीदवार समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीप नारायण यादव का नामांकन रद्द हो गया है. सपा की मीरा यादव को बीजेपी के उम्मीदवार और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के सामने उतारा था। नामांकन रद्द होने के बाद बीजेपी उम्मीदवार को एक तरह से वॉकओवर मिल गया है।



### इस वजह से हुआ नामांकन निरस्त

प्रदेश में दूसरे चरण की लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान जब सपा उम्मीदवार मीरा यादव के नामांकन की जांच की गई तो इसमें उम्मीदवार की अंतिम मतदाता सूची प्रमाणित नहीं पाई गई। खजुराहो सीट से कुल 23 नामांकन पत्र जमा हुए थे। इसमें बीजेपी प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा ने 4 नामांकन जमा किए थे, जबकि सपा उम्मीदवार ने सिर्फ एक ही नामांकन जमा किया था। उधर नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस मौन है, हालांकि वे इसे गलती जरूर मान रहे हैं।



### सपा उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन कैंसिल

सपा उम्मीदवार मीरा दीप यादव चुनाव मैदान में उतरने वाली पहली बार की उम्मीदवार नहीं हैं। वे मध्यप्रदेश की निवाड़ी विधानसभा से विधायक रह चुकी हैं. उनके पति दीप नारायण सिंह यादव उत्तर प्रदेश के झांसी के गरोठा विधानसभा सीट से दो बार के विधायक हैं। दीप नारायण यादव सपा प्रमुख अखिलेश यादव के काफी करीबी माने जाते रहे हैं। हालांकि दीप नारायण यादव फिलहाल मुश्किल के दौर से गुजर रहे हैं. उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार आने के बाद उन्हें 7 माह की जेल की हवा भी खानी पड़ी है। उन्हें हिस्ट्रीशीटर लेखराज सिंह को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के प्रयास में आरोपी बनाया गया था। इस प्रकरण के बाद उन पर आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे। उनकी 500 करोड़ से ज्यादा की चल-अचल संपत्ति भी कुर्क की गई है।

### सपा ने आखिरी वक्त में बदला था उम्मीदवार

समाजवादी पार्टी ने खजुराहो लोकसभा सीट से पहले मनोज यादव को उम्मीदवार बनाया था लेकिन बाद में मनोज यादव के स्थान पर मीरा यादव को चुनाव मैदान में उतारा गया था। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश की 29 में से खजुराहो लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ दी थी। कांग्रेस इस सीट को छोड़कर 28 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है।

## पत्रकार के घर आगजनी करने वाले आरोपी 15 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर



### आगजनी के आरोपियों को शीघ्र पकड़े जाने एसपी को सौंपा आवेदन

**पन्ना।** जिले के मोहन्द्रा चौकी में विगत दिनों 19-20 मार्च की दरम्यानी रात्रि मोहन्द्रा के पत्रकार के घर आगजनी करने के आरोपी एक पखवाड़ा गुजर जाने के बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पीड़ित पत्रकार आकाश बहरे ने गुरुवार दोपहर अपराधों के प्रति बेहद संवेदनशील जिले के पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा से मुलाकात कर आगजनिक के आरोपियों को शीघ्र पकड़े जाने के लिए एक आवेदन पत्र सौंपा। आवेदन पत्र में इस बात का उल्लेख है कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों ने जान लेने की नीयत से घर में आग लगाने का प्रयास किया। पत्रकार के आरोपों और मामले की गंभीरता के बाद भी पुलिस के हाथ 15 दिन बाद भी कुछ ना आना चौकी पुलिस की अपराधों को रोकने की प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है. आवेदन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक पन्ना का यह ध्यान भी आकृष्ट कराया गया कि मोहन्द्रा में लगातार एक के बाद एक हो रही घटनाओं से आम जनमानस में भय व्याप्त होने और साधारण हो चला ताले टूटने और चोरी की घटनाओं से बढ़कर असहमति रखने वाले नागरिकों के घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग लगा देने की मंशा रखने वाले अपराधियों को हौसले प्रदान करेगा।

अज्ञात घटनाओं के आरोपियों को खोजने में नहीं दिखाती पुलिस, रुचि पिछले दो-तीन सालों से चौकी क्षेत्र में लगातार अपराधों का इजाफा होने के बाद भी अपराध घटित करने वाले अज्ञात आरोपियों को पकड़ने में पुलिस की रुचि नहीं दिखाई पड़ती। चौकी में दर्जनों ऐसे केस पंजीबद्ध है जिनमें संदेहास्पद परिस्थितियों में मिली लाश से लेकर चोरी कर रहे अपराधी का वीडियो फुटेज होने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग न आ सका। मोहन्द्रा के संवेदनशील इलाकों में पुलिस नियमित गश्ती करें तो भी किसी हद तक अपराधों में रोकथाम करने में मदद मिलेगी।

## मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जाएंगी सुविधाएं

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान कार्मिक कल्याण की व्यवस्था के तहत मतदान एवं मतदानकर्मियों ने संबंधित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। निर्वाचन कार्य में नियुक्त लोकसेवकों के लिए जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को कल्याण अधिकारी वेलफेयर ऑफिसर नियुक्त कर नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक कल्याण का दायित्व सौंपा गया है। मतदान ड्यूटी पर तैनात मतदानकर्मियों के कल्याण के लिए आयोग द्वारा विभिन्न निर्देश भी प्रसारित किए गए हैं, जिसके तहत सभी मतदानकर्मियों को हेल्पलाइन नंबर प्रदान कराना अनिवार्य है, जिससे किसी भी अप्रत्याशित समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे एवं 7 दिवस हेल्पडेस्क द्वारा संचालित होगा। इसी तरह मतदान के लिए स्वास्थ्य देखभाल, प्राथमिक चिकित्सा के लिए पृथक व्यवस्था भी की जाएगी। प्रशिक्षण केन्द्रों पर भी सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, शौचालय, आगमन पर सहायता डेस्क, वाहन पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाओं की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। नियुक्त नोडल अधिकारी व वरिष्ठ अधिकारी इन स्थानों पर उपस्थित रहकर सुविधाओं की मॉनीटरिंग करेंगे। इसके अलावा मतदान दलों के लिए आवास व दूरस्थ क्षेत्रों में भोजन व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

**मतदान कार्मिक कल्याण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त**

## 18 वर्षीय युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज। अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदरा झरकुंआ में युवक के साथ मारपीट की गई।**

घटना के विषय में प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी अशरफ खान पिता नसीर खान उम्र 18 साल निवासी झरकुंआ कुदरा ने थाना उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट किया कि दिनांक 4 अप्रैल 2024 के करीब 12:30 बजे मैं झरकुंआ हार से अपनी ट्रैक्टर से गल्ला लेकर झरकुंआ आ रहा था कि गांव में मस्जिद के पास नफीस खान मिला और मुझसे बोला कि अशरफ इधर आओ तो मैंने ट्रैक्टर रोक लिया नफीस के पास गया तो वह बोला कि उस दिन तुमने मेरी गाड़ी क्यों हटाई थी और और मुझे गाली देने लगा नफीस ने मेरा बाएं हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया और लात घूसों से मारपीट करने लगा जिसके बाद में चिल्लाया तो मौके पर बलवान सिंह राजपूत आ गए और उन्होंने बीच बचाव किया जिसके भाई नफीस जाते जाते गाली देते हुए कहने लगा कि दोबारा मेरी गाड़ी को हटाया तो जान से खत्म कर दूंगा फरियादी की सूचना पर मान लीजिए थाना पुलिस ने आरोपी नफीश खान के खिलाफ धारा 294, 321, 506 के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना लिया।

## महाराजा अग्रसेन की महाआरती



**दमोह।** अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह के पहले हफ्ते में महाराजा अग्रसेन की महाआरती का आयोजन फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है। इसी क्रम में 33वीं महा आरती का आयोजन किया गया जिसका सौभाग्य दमोह शहर के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर पसारी परिवार को प्राप्त हुआ पं बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश माता लक्ष्मी महाराज अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया। जिसके बाद महा आरती का आयोजन हुआ व प्रसाद वितरण किया गया। महा आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल, अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल युवा महासभा के संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, समाज के वरिष्ठ राम गोपाल जी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुषों बच्चों की उपस्थिति रही।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा का लोगों ने किया भव्य स्वागत



**हटा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा दमोह लोकसभा के प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी का नामांकन जमा करवाने पन्ना से दमोह के लिए निकल रहे थे जहां विधानसभा के अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने विनती तिराहे पर पहुंचकर पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया ओर राहुल सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी मडियादो मंडल प्रभारी प्रदीप गुप्ता, कमलेश चौदहा, समाजसेवी प्रकाश गर्ग, गुड्डा चौहान सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

### गर्मी शुरू होते ही लगातार सामने आ रही आगजनी की घटनायें

# तीन गांवों में किसानों के खेत में लगी आग, फसल जलकर खाक



### करीबन 30 एकड़ खडी गेहूं की फसल जलकर खाक



**सिंग्रामपुर।** गुरूवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते हुए सिंगपुर हार में गेहूं खडी फसल में आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया लोग जब तक संभल पाते तब तक आग ने 25 से 30 एकड़ गेहूं कि खडी फसल में आग लग गई। सिंगपुर गांव के समीप यह हार लगा हुआ है। खेत के मालिक सुम्मा , गिरानी, रामलाल, जुगला , ग्यादीन जुगराज रघराज सभी चकृवर्ती हैसन्तु ( धनगर) ने बताया कि आग लगने का स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। लगभग 30 एकड़ की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है। आठ से दस किसानों कि खेती शामिल है। डायल हंड्रेड दमकल की गाड़ी को दी गई लेकिन समय रहते हुये दमकल की गाड़ी नहीं पहुंची जिससे 30 एकड़ की फसल जलकर खाक हो गई।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार /सिग्रामपुर

गर्मी के मौसम में जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। जबेरा तहसील के सिंगपुर भाट खमरिया सिमरी जालम में एक दिन तीन जगहों पर खेत खलियान आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। इसमें शार्ट सर्किट से लगी आग लाखों रुपये का नुकसान भी कई किसानों का हो चुका है। सिमरी जालम बस्ती के समीप खलियान के ऊपर से निकली बिजली लाइन मैं तेज हवाओं के चलते आपस में टकराए तारों में हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी से। खलियान में आग लग गई आज इतनी तीव्र गति से लगी ग्रामीण किसानों के लाख प्रसाद प्रयासों के बाद भी बिरसन सिंह /कल्यान सिंह, राम सिंह/ कल्यान सिंह, प्रहलाद धनगर/ बिहारी धनगर, ईश्वर सिंह/ खन्ना रैकवार, प्रकाश रैकवार, नरवद साहू, गोविंद सिंह की सारी की सारी फसल जलकर राख हो गई आग तेजी से बस्ती व बस्ती से लगे खेतो की ओर बढ़ रही थी जिस पर काबू पाने के लिए सामूहिक रूप से ग्रामीणों ने अथक प्रयास किया और पर नियंत्रण रखा इसके बाद तेंदूखेड़ा एवं दमोह से दमकल वाहन ने आकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

### ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से 5 एकड़ की फसल स्वाहा

ग्राम भाट खमरिया ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से अचानक खेतों में आग लग गई देखते ही देखते आग ने कोहराम मचा दिया। ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने के लिए भर्षक प्रयास किया गया और जैसे तैसे करके आग पर काबू तो पा लिया गया। लेकिन तब तक किसान पहले से लोधी का पूरा 5 एकड़ के खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह ने बताया बिजली विभाग की लापरवाही के चलते किसानों की तैयार खड़ी फसलें मैं कहीं शार्ट सर्किट तो ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी स्पार्किंग की वजह से आग लगने की घटनाओं से किसानों को लाखों का नुकसान हो रहा है। जैसा कि आज भाट खमरिया ग्राम में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी की वजह से खेतों में आग लग गई और एक किसान की 5 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई शासन प्रशासन से आग से किसानों को ही क्षतिपूर्ति का तत्काल मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

## हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** फरार अपराधियों को गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत ओरछा रोड थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ओरछा रोड थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मवासी के रहने वाले गुलाब सिंह यादव के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा होने के बाद रोहित पुत्र विनोद यादव 20 निवासी मवासी और भानसिंह उर्फ शनि पुत्र हीरालाल यादव उम्र 25 वर्ष निवासी सिमरधा के द्वारा दशहत फैलाने के उद्देश्य से 7 मार्च 2024 को हवाई फायरिंग की गई थी। गुलाब यादव ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी, जिसके बाद 4 अप्रैल को पुलिस ने भान सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया था। दूसरे आरोपी रोहित यादव को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध 25/27 के आर्म्स एक्ट तहत कार्यवाही की गई है।

## झाड़ियों में छिपाकर रखी थी अवैध शराब, पुलिस ने की जप्त



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पलौठा मार्ग पर संत कबीर आश्रम के पास पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब जप्त की है। थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि सबनींगर मोहल्ला छतरपुर निवासी अरशद खान उर्फ टीपू करिया उम्र 30 साल के द्वारा संत कबीर आश्रम के पास झाडियों में शराब की पेटियां छिपाकर रखी गई थीं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उक्त अवैध शराब जप्त कर ली है। साथ ही अरशद खान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जप्त पेटियों में कुल 63 लीटर शराब पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 28 हजार रुपए है। अरशद के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई है।

## 10 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**अलीपुरा।** थाना पुलिस ने 10 वर्षों से फरार रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की है। अलीपुरा थाना प्रभारी डीडी शाक्य ने बताया कि राजेंद्र यादव निवासी ग्राम जोरन जिला छतरपुर के विरुद्ध मारपीट एवं अवैध हथियार के मामले में न्यायालय द्वारा माह अगस्त 2023 में स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस सरगर्मी से राजेन्द्र की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को राजेन्द्र के जोरन में होने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस ने जोरन गांव से उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजेन्द्र को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## छात्रों ने मतदान करने की ली शपथ



**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदात प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदाताओं को जागरूक करने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता रैलियों का आयोजन, शपथ, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शासकीय आईटीआई संस्थान छतरपुर के छात्रों द्वारा लोकसभा निर्वाचन स्वीप गतिविधि के तहत मतदान करने की शपथ ली गई। इस दौरान छात्रों को भी अपने आसपास के मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डी.के. करोसिया सहित अन्य अधिकारी एवं संतोष गंगेले उपस्थित रहे।

मायके पक्ष ने लगाए प्रताड़ना के आरोप

# 2 साल की बच्ची के साथ फांसी पर झूल गई मां



ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम खरका से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। बताया गया है कि यहां एक महिला ने अपनी दो साल की अबोध बच्ची के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरूवार के दोपहर में तब हुई, जब घर के अन्य सभी सदस्य खेत पर गए हुए थे। जब महिला का ससुर घर आया तब घर के लोगों को इसकी जानकारी लगी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपनी मौजूदगी में शवों को फंदे से नीचे उतरवाया था। मंगलवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। वहीं महिला के मायके वालों ने सास और दामाद पर प्रताडना के आरोप लगाए हैं।

छतरपुर

ग्राम खरका निवासी घमंडी रैकवार ने बताया कि गुरूवार को वह अपने पुत्र अशोक रैकवार और पत्नी फूलवती रैकवार के साथ खेत पर गया था। घर में उसकी बहू रामसखी रैकवार उम्र 25 वर्ष और उसकी 2 साल की बेटी बबीता रैकवार थी। दोपहर में जब वह पानी के लेने के लिए खेत से घर आया तो घर के सभी दरवाजे बंद थे। काफी देर तक वह बहू को आवाज लगाता रहा लेकिन जब अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो उसने एक लड़के को छत के रास्ते घर के अंदर भेजा। अंदर से दरवाजे खुलने के बाद जब वह घर में पहुंचा तो कमरे में उसने अपनी बहू रामसखी को नातिन बबीता के साथ फांसी के फंदे पर लटका पाया। घमंडी ने तत्काल पुलिस और घर के अन्य सदस्यों को जानकारी दी। साथ ही रामसखी के मायके वालों को भी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मंगलवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# पुलिस ने बंछौरा गांव से पकड़ी अवैध शराब, आरोपी फरार

नौगांव।

नौगांव थानांतर्गत गरौली चौकी क्षेत्र के बंछौरा गांव में बीती रात पुलिस ने एक खेत में बने खलिहान से दो स्थानों से भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से अवैध शराब जप्त करते हुए दो लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि गरौली चौकी प्रभारी नेहा सिंह गुरुवार की शाम चौकी क्षेत्र के देहात भ्रमण पर थी, तभी बंछौरा में अवैध शराब रखी होने की सूचना मिली। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी नेहा सिंह ने पुलिस बल के साथ बंछौरा में स्थित एक खेत में बने खलिहान में जाकर तलाशी ली तो भारी मात्रा में शराब रखी मिली, साथ ही पास में बने दूसरे खलिहान में जाकर देखा तो वहां भी घास फूंस के नीचे भारी मात्रा में अवैध शराब रखी मिली। पुलिस टीम ने दोनों स्थानों से शराब जप्त कर थाना परिसर लाई गई। थाना परिसर में पुलिस ने रामकिशन अहिरवार के खेत से 330 क्वार्टर 59.4 लीटर देशी शराब कीमत 19 हजार 8 सौ रूपये एवं परसराम अहिरवार के खेत से 350 क्वार्टर 63 लीटर देशी शराब कीमत लगभग 21 हजार की जप्त करने की कार्रवाई की है। पुलिस ने शराब जप्त करते हुए रामकिशन अहिरवार और परसराम अहिरवार के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



# 6 साल पहले की थी चोरी पुलिस के हाथ लगा चोर




**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के एक गांव में करीब 6 साल पहले हुई चोरी के आरोपी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। मातगुवां थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में 6 वर्ष पूर्व हुई चोरी के का आरोपी गुलाब सिंह निवासी कोडन्नखेरा थाना बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ के विरुद्ध न्यायालय के आरसीटी क्रमांक 672/18 धारा 379 आईपीसी पर न्यायालय द्वारा माह दिसंबर 2023 में स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस लगातार गुलाब सिंह की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को गुलाब सिंह के गांव में होने की सूचना मिलने के बाद उसे कोडन्नखेरा से गिरफ्तार किया गया है।

# करन सींग लोधी की प्रदेशाध्यक्ष और केबिनेट मंत्री के समक्ष भाजपा में वापसी

बकस्वाहा। बडा मलहरा के बकस्वाहा ब्लॉक के सुनवाहा निवासी पूर्व भाजपा नेता करन सींग लोधी की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बी डी शर्मा व भाजपा के कद्दावर नेता केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के समक्ष कल दमोह मे सैकड़ों समर्थकों के साथ वापसी हो गयी।



बिधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से नाराज हो कर करन सींग लोधी ने पार्टी के सभी पदो से इस्तीफा दे दिया था। विधानसभा चुनाव के बाद से ही करन सींग लोधी भाजपा के सभी नेताओ के सम्पर्क मे थे। लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुये करन सींग लोधी की वापसी से बडा मलहरा मे भाजपा मजबूत होगी। गुरूवार को भाजपा के दमोह लोक सभा क्षेत्र से प्रत्याशी राहुल सींग का नामांकन फार्म भरा गया। उसी दौरान प्रदेशाध्यक्ष बी डी शर्मा, भाजपा के कद्दावर नेता म. प्र. शासन के केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार, लखन पटेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पूर्व केबिनेट मंत्री पंडित गोपाल भार्गव विधायक रहली,पूर्व केबिनेट मंत्री जयंत मलैया विधायक दमोह, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी जी, पूर्व विधायक रेखा यादव, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दमोह प्रीतम सिंह लोधी, छतरपुर जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष छतरपुर विद्या हरिओम अग्निहोत्री जी, जिला पंचायत अध्यक्ष दमोह प्रतिनिधि गौरव पटेल के समक्ष अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ फिर से भाजपा का दामन थाम लिया।

# फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट से बने शिक्षकों पर कार्रवाई, सीएम राइज में पदस्थ एक महिला पुरुष सहित 3 शिक्षक बर्खास्त

## संकुल प्राचार्य ने एफआईआर दर्ज कराने पुलिस को सौंपा आवेदन

**नौगांव।** शिक्षा विभाग ने नौगांव ब्लॉक में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट से नौकरी कर रहे तीन शासकीय शिक्षकों को नौकरी से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। संकुल प्राचार्य ने आदेश का पालन कराते हुए तीनों शिक्षकों को पद से पृथक करते हुए इनके खिलाफ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराने पुलिस को आवेदन सौंपा। किंतु दस्तावेज पूर्ण न होने के कारण पुलिस ने अभी मामले में कायमी नहीं की है।

बता दें की बीते वर्ष दिव्यांगता सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी करने का मुद्दा तूल पकड़ा था। जिसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में दिव्यांग सर्टिफिकेट से नौकरी करने वालों के प्रमाण पत्र की फिर से जांच कराई थी, जांच के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने जांच में फर्जी निकले प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की है। कार्रवाई करने के साथ ही विभाग ने शिक्षकों को बर्खास्त भी किया है। इसी के तहत छतरपुर जिले के नौगांव ब्लॉक में पदस्थ 3 शिक्षकों सहित जिले के 11 शिक्षकों को बर्खास्त करने एवं इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने जिला शिक्षा अधिकारी एमके कौटार्य ने संकुल प्राचार्य को पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा है। जिसके तहत नौगांव सीएम राइज स्कूल के कैंपस 2 में संचालित प्राथमिक विधालय में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से नौकरी कर रही शिक्षक श्रुति तिवारी, इसी स्कूल में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से पदस्थ अवनीश द्विवेदी और दौनी गांव में पदस्थ पवन सोनी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सीएम राइज स्कूल के ग्वालटोली में संचालित प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर आशाराम अहिरवार ने बताया की 04 अप्रैल को संकुल प्राचार्य का पत्र मिला था, जिसमें श्रुति तिवारी और अवनीश द्विवेदी को पद से बर्खास्त करने के संबंध में सूचना मिली थी, जिसके बाद दोनों शिक्षकों को सूचित कर संकुल प्राचार्य के पास भेज दिया था, संकुल में दोनों शिक्षकों को पद से पृथक करने के पत्र भी दे दिए हैं।

### फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट से नौकरी करने के आरोपी शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज कराने संकुल प्राचार्य ने पुलिस को सौंपा आवेदन -

सीएम राइज स्कूल के कैंपस 2 में संचालित प्राइमरी स्कूल से बर्खास्त किए गए श्रुति तिवारी और अवनीश द्विवेदी के संकुल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र प्रताप अहिरवार और दौनी से बर्खास्त पवन सोनी के संकुल प्राचार्य ने नौगांव पुलिस थाना में तीनों शिक्षकों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी करने के खिलाफ सहित अन्य शिकायतों में एफआईआर दर्ज करने को लेकर आवेदन सौंपा है। आवेदन के साथ दस्तावेज पूरे न होने के कारण पुलिस ने अभी मामला पंजीबद्ध नहीं किया है, लेकिन दस्तावेज पूर्ण होते ही पुलिस एफआईआर दर्ज करने की बात कह रही है।

### इनका कहना है -

नौगांव ब्लॉक में तीन शिक्षकों के खिलाफ फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट मामले में कार्रवाई हुई है, जिसमें तीनों शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है, साथ ही एफआईआर दर्ज कराने पुलिस को भी शिकायती आवेदन सौंप दिया है।

**दिनेश कुमार गुप्ता**
**खंड शिक्षा अधिकारी**
**नौगांव ब्लॉक**

तीन शिक्षकों के ऊपर मामला दर्ज करने दो आवेदन आए थे, लेकिन उसमें पूरे दस्तावेज न होने के चलते अभी एफआईआर नहीं हुई है। शिक्षा विभाग के अधिकारी जब सम्पूर्ण दस्तावेज फिर से देंगें, तो निश्चित तौर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**सतीश सिंह**
**नगर निरीक्षक, थाना प्रभारी, नौगांव**

# कर्मा माता की जयंती पर निकली भव्य शोभयात्रा

## मंदिर में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और भंडारा

छतरपुर।

जिला साहू समाज समिति छतरपुर द्वारा शुक्रवार को भक्त शिरोमणि कर्मा माता की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कर्मा माता की सजीव झांकी के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। तदुपरांत जवाहर मार्ग पर स्थित कर्मा माता मंदिर में सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारा हुआ। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उर्मिला साहू ने बताया कि जिला साहू समाज समिति द्वारा आयोजन से पहले जिले की स्वाजातीय लोगों से कार्यक्रममें शामिल होने का आवाहन किया गया था। सुबह के समय जिले भर से लोग कर्मा माता मंदिर में एकत्रित हुए। इसके बाद मंदिर से भव्य शोभयात्रा का शुभारंभ हुआ, जो बस स्टैंड, हटवारा, चौक बाजार, महल तिराहा, छत्रसाल चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में कर्मा माता की सजीव झांकी आकषण का केन्द्र रहीं, साथ ही समाज के लोग डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों पर जमकर थिरके। शोभायात्रा के उपरांत कर्मा माता मंदिर में आयोजन मंचीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे समाज के लोगों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। वहीं समाज के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उपस्थित जनसमुदाय ने मंदिर में चल रहे भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जिला साहू समाज समिति के अध्यक्ष घासीराम साहू, नगर अध्यक्ष नन्हे भाई साहू सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हुए।



# बागेश्वर धाम में 23 अप्रैल को होगा भव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव

## हनुमान चालीसा पर 3 दिन होगी कथा



**छतरपुर।** इसी माह की 23 तारीख को श्री हनुमान जन्मोत्सव है। इस अवसर पर देश के विख्यात सिद्ध स्थल बागेश्वर धाम में विशाल और भव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन के दौरान तीन दिवसीय हनुमान चालीसा पर कथा का आयोजन किया गया है। प्रख्यात कथा वाचक पं. पुण्डरीक गोस्वामी के मुखारविंद से हनुमान चालीसा पर आधारित तीन दिवसीय कथा भी हो रही है।बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने मीडिया को बताया कि 23 अप्रैल को बागेश्वर धाम में भव्य और दिव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर बृहद स्तर पर हनुमान चालीसा पाठ भी रखा गया है। वृंदावन के प्रख्यात कथा वाचक आचार्य पुंडरीक गोस्वामी जी के मधुर स्वर से श्री हनुमान चालीसा पर आधारित कथासार करने का धर्म प्रेमियों को अवसर प्राप्त होने वाला है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धाम में श्री हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर मानस सम्मेलन आयोजित होगा। मूर्धन्य विद्वानों के माध्यम से राष्ट्रहित, जनहित, समाज हित के लिए मानस से मानव बनने के तत्वों का विश्लेषण किया जाएगा। महाराज श्री ने सभी धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बागेश्वर धाम पधारे और श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में भाग लेकर तथा तीन दिवसीय कथा श्रवण कर जीवन धन्य बनाएं। धर्म प्रेमी अपनी सोशल साइट्स के माध्यम से श्री हनुमान चालीसा के पाठ को जीवंत दिखाएं ताकि लोग उसको सुन सके और देख सके। ऐसा करने से हनुमान चालीसा की ताकत पूरे दुनिया में दिखाई देगी।

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया गया संदेश



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट प्रांगण में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। शासकीय प्राथमिक पाठशाला मगुरिहाई के छात्र-छात्राओं ने चुनाव पाठशाला एवं यूथ चले बूथ की थीम पर आर्कषक प्रस्तुति देकर मतदान के लिए जागरूक किया। नवोदय पब्लिक स्कूल अमवा, संजीव स्कूल ढेकहा, उत्कृष्ट मार्तण्ड क्रमांक एक, सीएम राइज पीके स्कूल सहित शिक्षा महाविद्यालय एवं माडल साइंस कालेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर मंडपम आर्ट के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, सहायक संचालक राजेश मिश्रा सहित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए एवं विद्यालय व महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### 5 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं छात्रवृत्ति फार्म

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्यनरत सत्र 2022-23 एवं 2023- 24 पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति ओबीसी,एससी, एसटी (नवीन एवं नवीनीकरण) के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात छात्रवृत्ति फॉर्म महाविद्यालय में जमा नहीं किया है, वे सभी छात्र-छात्राए 05 अप्रैल तक अपना फॉर्म समस्त आवश्यक दस्तावेज सहित महाविद्यालय में जमा कर सकते है। ताकि छात्रवृत्ति फार्म का सत्यापन समय से हो सके एवं सभी विद्यार्थियों को एबीसी (एकेडमिक बैंक का क्रेडिट) आईडी बनवानें हेतु कहा गया है।

### आओ मिलकर अलख जगायें शत-प्रतिशत मतदान करायें


**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत निर्देशन स्वीप गतिविधियां के तहत दीवारों में मतदान संबंधी स्लोगन लिखकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रंखला में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत पड़रभटा, हरदुआ कलॉ, सी.एम.सी.एल.डी.पी छात्र शिवम वर्मा, सुमित सिह, अखलेश कुमार मेहरा, शिवानी मेहरा, द्वारा दीवारों में मतदान संबंधी स्लोगन प्रदर्शित किये जा रहे है। मतदान स्लोगन में बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, बूढे हो या जवान सभी करे मतदान, जब भी वोट डालने जाये पहचान पत्र साथ मे लाये, लालच देकर वोट जो मांगे भ्रष्टाचार करेगा आगे।

### विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं में प्रवेश दिलाने निर्देश

**कटनी।** जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिह द्वारा जिले के समस्त शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में कक्षा 8वीं में उत्तीर्ण होनें वाले सभी विद्यार्थियों के स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, टी.सी अपने नजदीकी शासकीय हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराते हुए सभी विद्वार्थियों का प्रवेश कक्षा 9वीं में करानें हेतु निर्देशित किया है।

## स्कूल खुलने के साथ ही कमीशन का खेल हुआ समाप्त, इसके बाद जगा शिक्षा विभाग

**एक ही दुकान से ड्रेस और किताब के लिए अभिभावकों पर बना रहे दबाव, जिम्मेदार अभी तक देख रहे थे तमाशा**




रीवा

स्कूलों में नया सत्र शुरू होते ही अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। कॉपी-किताब का सेट इतना महंगा है कि उसे खरीदने में अभिभावकों के पसीने निकले जा रहे हैं। हालांकि इस मामले को गंभीरता में लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 के तहत आदेश जारी किया है वही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई है लेकिन फिर भी कई निजी स्कूलों में तो पहली से आठवीं कक्षा की किताबों का सेट छह से 10 हजार रुपये पड़ रहा है। परिजन बच्चों की किताबें खरीदने चुनिंदा दुकानों पर पहुंच रहे थे शहर के कई बड़े निजी स्कूलों की मनमानी कार्यप्रणाली से अभिभावकों को हर वर्ष भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसमें से कुछ स्कूल जहां बच्चों को स्कूल के अंदर से ही किताब और ड्रेस आदि लेने के लिए मजबूर करते हैं, रीवा जिले नामचीन स्कूल शहर के एक-दो चुनिंदा किताब से सांठ-गांठ कर अभिभावकों को इन्हीं दुकानों से किताब खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। हर वर्ष इन स्कूलों के द्वारा सिलेबस भी बदल दिए जाते हैं। ऐसे में पुरानी किताबें एक ही घर के बच्चे आगे-पीछे की कक्षाओं में होने के बाद भी उपयोग नहीं कर पाते। किताबों के अलावा निजी स्कूलों में टाई, बेल्ट, ड्रेस, जूते-मोजे, बैच, ब्लेजर खरीद पर भी खुलेआम कमीशन का खेल चलता है। नए शिक्षा सत्र चालू होने के पहले 25 मार्च से 31 मार्च के बीच स्कूल संचालको व स्टेशनरी संचालकों के साठगाठ के चलते किताबें व ड्रेसों के नाम पर अभिभावक पहले ही लुट चुके हैं हालांकि नए शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से चालू होने के बाद प्रशासन जागा और आदेश जारी किया वहीं सूत्रों की माने तो लुटाई प्रोग्राम के समापन के पश्चात मे दिखावे के लिए जांच के नाम पर आज 5 अप्रैल को शिक्षा विभाग की टीम अग्रसेन बुक सेंटर पहुंची खानापूर्ति करके टीम वापस आई ।

### इनका कहना है

जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी करने के बाद एक टीम बनाकर छापेमार कार्रवाई करने के लिए भेजा गया है जांच करने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

**सुदामा लाल गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी रीवा**

**पुलिस विवेचना की कार्रवाई कहें या फिर रसूखदारों का दबाव**

## करोड़ों रूपये के सट्टा कार्रवाई में रसूखदारों को भूल गई पुलिस

रीवा

पुलिस भले ही करोड़ो रूपये के आईपीएल सट्टा का खुलासा कर अपनी पीठ थपथपाती हो परंतु इस खुलासे के पीछे कई ऐसे राज भी हैं जो रीवा के नामी गिरामी लोगों की गिरेबां तक पहुंच रहे है। गुरूवार के दिन रीवा पुलिस ने 1 करोड़ 29 लाख रूपये एंव आईपीएल सट्टा से जुड़े सारे सिस्टम को बरामद कर सट्टा किंग अमित आहूजा उर्फ छ मन को गिर तार किया और उससे पूछतांछ भी की। लेकिन पुलिस सट्टा किंग से यह नहीं उगलवा पाई कि उसके गिरोह में कौन-कौन शामिल है। जबकि हरिभूमि समाचार पत्र के पास रीवा शहर के उन तमाम लोगों की नाम जुबां पर है जो इस गोरखधंधे में लिप्त हैं और शहर में एक बड़े शो रूम का मुखौटा डाल रखे हैं। इस बात का खुलासा समाचार पत्र क ा ा कर उन चेहरों को बेनकाब कर सकता है जो समाज के ठेकेदार बनकर समाज की पीठ पर छूरा घोंप रहे हैं। बताते चले कि शुक्रवार को एसपी विवेक सिंह ने आईपीएल सट्टे के कारोबार का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गये आरोपी की निशानदेही में चार खातों में जमा 35 लाख रूपये सीज कर दिये गये है। साथ ही बताया कि आरोपी छ मन आहूजा के घर से 1 करोड़ 29 लाख रूपये जब्त किये है। आरोपी के तार जिले के बाहर के लोगों से जुड़े हुए है, जिनका खाता वह कमीशन पर लेकर अपना कारोबार चलाता रहा है। आरोपी के विरूद्ध गैबलिंग एंव आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही बताया कि आरोपी के विरूद्ध पूर्व से ही कोतवाली एंव समान थाना में सट्टा एक्ट एंव गैबलिंग एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। बताते चले कि बुधवार के दिन समान थाना में एक लूट की शिकायत दर्ज करवाने आया हुआ था। जिससे पूछतांछ पर शहर में चल रहे आईपीएल सट्टा कारोबार का खुलासा हुआ। सीएसपी नवीन तिवारी के नेतृत्व में समान एंव सिविल लाइन पुलिस के साथ ही सायबर टीम ने अमित आहूजा उर्फ द मन के घर में दबिस दी। दबिस के दौरान आरोपी के घर से 1 करोड़ 29 लाख रूपये नगद, 25 नग कीपेड मोबाइल, 3 नग एन्ड्रायड मोबाइल, 2 नग लैपटाप, 2 कालिंग पेटी, 2 डायरी, 21 नग एटीएम कार्ड, 14 नग चेकबुक, 4 पासबुक एंव 9 लीटर विदेशी शराब जब्त की थी।

## आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रीवा पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**रीवा ।** पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा विवेक सिह के नेतृत्व मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक नवीन तिवारी सहित रीवा शहर के अंदर शहर के समस्त थानो के थाना प्रभारियों, सी.आर.पी.एफ. एवं जिला पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर एरिया डोमिनेशन किया गया एवं आम जन को समझाइस दी गई कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि का हिस्सा न बनें, आचार संहिता के नियमो का पालन करें, किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहे, निडर होकर चुनाव में भाग लें एवं किसी भी प्रकार आचार संहिता का उलंधन दिखाई पडनें पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें । आचार संहिता का उल्लंघन करने वालो के विरुध्द सख्त से सख्त कार्यवाही जायेगी ।

## आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम 9 अप्रैल को

**प्रत्येक मतदान केन्द्र में 9 अप्रैल को होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल अधिकारी स्वीप तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले के सभी 2014 मतदान केन्द्रों में 9 अप्रैल को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दिन आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम आयोजित करके प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बीएलओ तथा स्थानीय कर्मचारियों के माध्यम से मतदान केन्द्रों की साफ-सफाई कराकर मतदान केन्द्र की दीवारों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे जाएंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदान की तिथि तथा निर्वाचन से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के मोबाइल नम्बर अंकित किए जाएंगे। इसमें दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या के साथ-साथ उन्हें मतदान के लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी। डॉ सोनवणे ने कहा है कि सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कराएं। दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, रैली, सभा तथा मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए आमंत्रित करने जैसे कार्यक्रम आयोजित कराएं। हर मतदाता की मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करें।

## पुलिस बोलेरो गाड़ी से 1 लाख 20 हजार किया बरामद.


रीवा के उमरी चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान बरामद हुई रकम.

**रीवा।** जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बोलेरों गाड़ी से 1 लक्ष्य 20हजार रुपय बरामद किए है जानकारी के मुताबिक बताते चलें कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस जिले में कई बनाएं है जहां से गुजरने वाले वाहनों के सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में आज चोरहट्टा पुलिस ने शिव बहादुर सिंह पिता स्वर्गिय हनुमान सिंह गहरवार ग्राम किरहाई पोस्ट अहिरगांव जिला सतना के गाडी नंबर एमपी 19 सीबी 9672 से 1 लाख 20 हजार रुपए पुलिस ने बरामद किए है. रीवा की ओर आ रही बोलेरो वाहन चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने वाहन चेक करने के लिए गाड़ी रुकवाया तो चेकिंग के दौरान चोरहटा पुलिस को शिव बहादुर सिंह से बोलरो गाड़ी में रखे बैग से 1 लाख 20.000 रूपये नगद कैश बरामद हुआ जिसे चोरहटा पुलिस ने नगदी रकम को जप्त कर निर्वाचन आयोग में भेज दिया. पुलिस द्वारा हर आने जाने वाली गाड़ी की जांच पड़ताल निरंतर कि जा रही है, बिना जांच के किसी भी गाड़ी को जिले के अंदर प्रवेश नही दिया जा रहा है.

### इनका कहना है

आचार संहिता के कारण जिले में लगातार चेकिंग की जा रही है चोरहटा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 1 लाख 20.000 रुपए बरामद किए गए हैं अग्रिम कार्रवाई करके निर्वाचन आयोग को सौंप दिया गया है आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी

**विवेक सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा**

## नगर निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन द्वारा नगर निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 05.04.2024 को अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला की उपस्थिति में लेते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि शहर में विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है तथा उसकी मरम्मत अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा कराकर उसके ऊपर मिट्टी डाल दी जाती है अथवा कंक्रीट कर दिया जाता है जिससे पाइप लाइन में गंदा पानी एकत्रित होता रहता है तथा गंदे पानी की शिकायत विभिन्न स्थानों से प्राप्त होती हैं। सभी जोन के सहायक यंत्री, उपयंत्री यह सुनिश्चित करें कि क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइनों की मरम्मत प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा कराई जाय। उपयंत्री क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की फोटोग्राफ तथा मरम्मत उपरांत फोटोग्राफी नगर निगम के ग्रुप में अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। नगर निगम के ठेकेदार यदि पाइप लाइनों को छतिग्रस्त करते हैं और उसकी मरम्मत उचित ढंग से नहीं करते तो उनके ऊपर निर्माण लागत का 5 प्रतिशत की पेनाल्टी अधिरोपित की जाय। यदि उपयंत्री द्वारा छतिग्रस्त पाइप लाइन की सूचना समय पर नहीं दी जाती है तो उसके ऊपर रू. 2000 की पेनाल्टी प्रति प्रकरण अधिरोपित की जाय। निगमायुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में पाइप लाइनों पर विशेष निगरानी रखी जाय जिसमें आम नागरिक को पानी की समस्या ना हो। सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ-साथ समय में पूर्ण कराये जाय। निगम की प्रापर्टी का वैल्यूएशन भी उपयंत्रियो द्वारा किया जाय। ट्रैफिक में वाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित कर उसे तत्काल हटाये जाने की कार्यवाही की जाय। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए शहर की फ्रंट लाइन एवं बैक लाइन का चयन अतिशीघ्र किया जाय। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टि में रखते हुए शहर के सभी मतदान केंद्रो में आवश्यक जानकारी की पेंटिंग कराई जाय। तथा मतदान केंद्रों में टॉयलेट की व्यवस्था उसकी सफाई, खिड़की दरवाजे आदि की जांच कर उसे तत्काल ठीक कराया जाय। पी.एम.आई.एस पोर्टल को अद्यतन किया जाय। मटेरियल की टेस्टिंग सरकारी लैब से ही कराई जाय। बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, एसएल दहायत, सहायक यंत्री एसके गर्ग, बीएस बुंदेला, पीएन शुक्ला, अमरीश सिंह, राजेश मिश्रा, संतोष पाण्डेय, के साथ नगर निगम के समस्त उपयंत्री उपस्थित रहे।

## मतदान कर्मी 14 से 18 अप्रैल तक कर सकेंगे डाक मतपत्र से मतदान

रीवा

रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान दल में शामिल मतदान कर्मियों तथा चुनाव संबंधी अन्य कार्यों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मतदान का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि डाक मतपत्र से मतदान के लिए 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में व्यवस्था की गई है। इसके लिए ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के 11 कक्षों का 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक अधिग्रहण किया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र से सुविधा देने के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर के लिए कक्ष क्रमांक 17, सेमरिया के लिए कक्ष क्रमांक 18, त्योंथर के लिए कक्ष क्रमांक 21, मऊगंज के लिए कक्ष क्रमांक 22 तथा देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में तैनात मतदान कर्मियों के लिए कक्ष क्रमांक 23 में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा रहेगी। विधानसभा क्षेत्र मनगवां के लिए कक्ष क्रमांक 27, रीवा के लिए कक्ष क्रमांक 7, 8 तथा 9 में व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के लिए कक्ष क्रमांक 26 एवं अन्य जिलों से आए कर्मचारियों को मतदान की सुविधा देने के लिए कक्ष क्रमांक 25 में व्यवस्था की गई है। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य को डाक मतपत्र से मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्वीप गतिविधि के तहत महाविद्यालयों व विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन






**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विभिन्न महाविद्यालयो में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। जबकि पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कालेज रीवा में मतदाता जागरूकता रैली में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लेते हुए आमजनों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार नगर पंचायत त्योंथर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी। नगर परिषद डभौरा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर परिषद चाकघाट में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक एवं कन्या की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिसा लिया। इसी क्रम में मऊगंज जिले के नईगढ़ी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

## जाँच के बाद 14 नामांकन पत्र पाए गए वैध

### नामांकन पत्रों की जाँच में पाँच नामांकन पत्र हुए निरस्त



**प्रेक्षक की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की हुई संवीक्षा**

**रीवा !** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में कुल 19 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जाँच पाँच अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में की गई। आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की जाँच की गई। जाँच के बाद 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। विभिन्न कारणों से पाँच उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त किए गए। जाँच के दौरान श्री बाबूलाल सेन मौलिक अधिकार पार्टी तथा निर्दलीय उम्मीदवार लालमणि कुशवाहा, राजनारायण माण्डव, सुशील मिश्रा सबके महाराज और ब्राहदत्त मिश्रा के नामांकन पत्र अमान्य किए गए। कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफीसर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा सहायक रिटर्निंग आफीसरों द्वारा नामांकन पत्रों की जाँच की गई। इस अवसर पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र रीवा के उम्मीदवार एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 8 अप्रैल को शाम 3 बजे तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। 8 अप्रैल को 3 बजे के बाद शेष बचे अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।